भारत सरकार

ग्रामीण विकास मंत्रालय

ग्रामीण विकास विभाग

....

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 128

(24 नवंबर, 2014 को उत्तर दिए जाने के लिए)

'मनरेगा' के तहत वित्तीय अनियमितताएं

128.श्रीमती कनक लता सिंहः

क्या ग्रामीण विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या वर्ष 2007-2010 के दौरान 'मनरेगा' में जनपद कुशीनगर, उत्तर प्रदेश में बड़े पैमाने पर की गई वित्तीय अनियमितताओं के संबंध में सीबीआई द्वारा जांच कराई जा रही है;

(ख) यदि हां, तो सीबीआई जांच में किन-किन स्तरों पर संलिप्तता की जानकारी अभी तक मिली है और उन पर क्या कार्रवाई की जा रही है; और

(ग) देश के अन्य राज्यों में किन-किन जनपदों में 'मनरेगा' में हुए घोटालों की जांच सीबीआई द्वारा कराई जा रही है और उनमें कितनी राशि की गड़बड़ी सामने आई है?

<u>उत्तर</u>

ग्रामीण विकास मंत्री

(श्री बीरेन्द्र सिंह)

(क) एवं (ख) माननीय इलाहाबाद उच्च न्यायालय की लखनऊ बैंच ने उत्तर प्रदेश के सात जिलों के साथ वर्ष 2007-2010 के दौरान कुशीनगर में मनरेगा स्कीम के अन्तर्गत अधिकारों के दुरूपयोग के साथ निधियों के दुरूपयोग एवं अनियमितताओं के संबंध में दिनांक 31.01.2014 को सीबीआई जांच का निदेश देने के साथ कानून के अनुसार उचित कार्रवाई तथा अभियोग चलाने का आदेश जारी किया था। उच्च न्यायालय के आदेश के अनुसार, सीबीआई को फैसले के अनुसरण में की गई जांच से संबंधित प्रत्येक तीन महीने के समयांतराल में माननीय न्यायालय को स्टेटस रिपोर्ट प्रस्तुत करनी होती है।

(ग) ग्रामीण विकास मंत्रालय के अनुरोध पर किसी भी राज्य/संघ राज्य क्षेत्र में सीबीआई जांच शुरू नहीं हुई है। मंत्रालय में उपलब्ध जानकारी के अनुसार वर्तमान में उत्तर प्रदेश के अलावा किसी भी राज्य/संघ राज्य क्षेत्र में इस संबंध में कोई सीबीआई जांच नहीं चल रही है।

*****